# दीदी मड़ई में शामिल हुई अंचल की हजारों महिलाएं

**» नगरी के श्रृंगी ऋषि उच्चतर माध्यमिक शाला परिसर में आयोजित हुआ कार्यक्रम**





**धमतरी।** आज नगरी का शासकीय श्रृंगी ऋषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महिलाओं की एकता, सामाजिक और आर्थिक जागरूकता का एक बार फिर गवाह बना, जब इस आदिवासी बाहुल्य विकासखंड के मुख्यालय में 'दीदी मड़ई' का आयोजन हुआ। महानदी महिला संघ के इस वार्षिक अधिवेशन में सात हजार से अधिक महिलाएं शामिल हुईं। राष्ट्रीय आजीविका मिशन और बिहान के तहत गठित नगरी में 2107 महिला स्व सहायता समूह के संगठन को महानदी महिला संघ के नाम से जाना जाता है। इसके अन्तर्गत 24 हजार से अधिक महिलाएं जुड़कर महिला सशक्तीकरण, सामाजिक और आर्थिक विकास के पथ में आगे बढ़ रही है।

सुबह 11 बजे से आयोजित इस अधिवेशन को संबोधित करते हुए मध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और सिहावा विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव ने मुख्य अतिथि की आसंदी से महिला शक्ति को नमन किया। उन्होंने आगे कहा कि यहां की महिलाएं एकता और साहस का परिचय देते हुए आर्थिक-सामाजिक सशक्तीकरण के विभिन्न कार्यों से जुड़ी हैं, जो कि सराहनीय और प्रेरणादायक है। उनका मानना है कि परिवार में संतुलन जरूरी है, इसके लिए महिलाएं शिक्षा जरूर प्राप्त करें। उन्होंने अपने उद्बोधन में शिक्षा के साथ श्रम की महत्ता पर भी जोर दिया।



मिशन संचालक राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन श्री अभिजीत सिंह ने अपने उद्बोधन में बताया कि आज महिलाएं सभी क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। आज का दीदी मड़ई जो केवल महिलाओं द्वारा आयोजित किया गया है, यह उसका जीता जागता मिसाल है। उन्होंने महिला समूहों को प्रेरित किया कि वे विभिन्न क्षेत्र में जनजागरुकता लाने का कार्य करें। उन्होंने यह भी बताया इस वित्तीय वर्ष में कुरूद विकासखंड का बिहान राष्ट्र में पहले स्थान पर आया है, जो कि ना केवल जिला बल्कि राज्य के लिए भी गौरव की बात है।

विशेष सचिव खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्री एलेक्स पॉल मेनन ने कहा कि वे जब मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत धमतरी थे, तब से महिला स्व-सहायता समूहों के गठन के साथ ही महिलाओं को समाज की मुख्य धारा में लाने का प्रयास ग्राम छिंदभर्री से शुरू किया था। उन्होंने कहा कि नगरी में वर्ष 2011 से दीदी मड़ई की शुरुआत की गई थी। श्री मेनन ने महिलाओं की भीड़ और उनके स्टॉल देख काफी गर्व महसूस करते हुए कहा कि धमतरी जिले की महिलाएं नारी स्वावलंबन की मिसाल बन चुकी हैं। अपने पैसों से इतने बड़े कार्यक्रम का आयोजन और खुद संचालन निःसंदेह बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि नगरी की दीदियों ने अपने लगन और एकता के बल पर यह साबित कर दिया है कि वे पुरुषों से कम नहीं। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित महिलाओं से अपील किया कि वे पंचायतों एवं ग्राम सभाओं में जाकर शासन की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को दिलाएं। इस मौके पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती नम्रता गांधी ने उपस्थित महिलाओं का आह्वान किया कि वे अपने लिए भी जिएं, रोज नए ख्वाब और उमंग से दिन की शुरुवात करें। क्यूंकि अगर महिलाएं खुश रहेंगी तो परिवार भी खुश रहेगा। इसके अलावा उन्होंने क्षेत्र से कुपोषण मिटाने के लिए महिलाओं को संकल्प लेने कहा। ज्ञात हो कि नगरी के समूह की महिलाओं की भागीदारी से आयोजित होने वाले इस वार्षिक अधिवेशन में ना केवल समूह की महिलाएं, बल्कि अन्य महिलाओं को भी आमंत्रित किया जाता है, जिससे कि उनसे भी समूह के अनुभव साझा कर उन्हें समूह से जुड़ने प्रेरित किया जाए। आज के इस कार्यक्रम में सबसे पहले समूह की महिलाओं ने शहर में रैली निकाली और महिला सशक्तिकरण के लिए शपथ लिए। साथ ही महानदी महिला संघ के लोगों का भी उद्घाटन सिहावा विधायक के हाथों किया गया। इस अवसर पर समूह की महिलाओं द्वारा मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए विभिन्न विषयों पर जागरूकता सम्बन्धी प्रस्तुति दी गई।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### तेज रफ्तार ट्रक ने बिजली खंभा को मारा टक्कर, रिपोर्ट दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर बिजली खंभा को ठोकर मार दिया। घटना की रिपोर्ट खमतराई थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार गीताजंलि सोसाइटी गुढ़ियारी निवासी देवप्रकाश साहू 33 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि शनिवार को दुर्गा पेट्रोल पंप के पास भनपुरी में तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक एपी 37 टीएफ 4177 के चालक ने अनियंत्रित होकर बिजली खंभा को ठोकर मार दिया इस वजह से खंभा क्षतिग्रस्त हो गया व क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ धारा 279 व विद्युत अधिनियम 139 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### आईटी की टीम ने विकास अग्रवाल का फ्लैट किया सील

**रायपुर (आरएनएस)।** केन्द्रीय आयकर की टीम शहर में लगातार छापामार कार्यवाही जारी रखे हुए हैं। इसी क्रम में एक और नए व्यक्ति के यहां टीम ने दबिश देकर उसके एक फ्लैट को सील कर दिया है। सूत्रों ने बताया कि आईटी की टीम ने अब गोलछा अपार्टमेंट में रहने वाले विकास अग्रवाल के यहां दबिश देकर उसके फ्लैट को सील कर दिया है। विकास अग्रवाल के यहां से लाखों के जेवरात आदि मिलने की जानकारी भी निकलकर सामने आई है। बताया जाता है कि आईटी की टीम के पहुंचने के बाद से ही विकास अग्रवाल गायब हो गए हैं। इस पर आयकर की टीम ने सील किए गए फ्लैट को सील कर एक समय-सीमा निश्चित कर विकास अग्रवाल को उपस्थित होने का फरमान भी जारी किया है। यदि इस समयावधि में विकास अग्रवाल स्वयं से उपस्थित नहीं होते तो उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही होनी भी तय है। ज्ञात हो कि आयकर विभाग की जांच की दिशा अब बदल रही है, पहले बड़े कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश दी गई और इसके बाद अब उनके निकटतम सहयोगियों और कर्मियों के निवास व कार्यालयों में भी दबिश दी जा रही है।

### सब्जी खरीदने गये युवक की जेब से मोबाइल निकालकर बाइक सवार हुआ फरार, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** सब्जी खरीदने गये युवक के जेब से मोबाइल फोन निकालकर बाइक सवार फरार हो गया। घटना की रिपोर्ट अभनपुर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सिकरीडीह गोबरानवापारा निवासी कोमल साहू 30 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि शनिवार को अभनपुर शनिचरी बाजार में सब्जी खरीदने गया हुआ था इसी दौरान पल्सर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 एक्स 4256 के चालक ने प्रार्थी की जेब से एक नग ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन कीमत 6 हजार 5 सौ रुपये को निकालकर फरार हो गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने पल्सर चालक के खिलाफ बाइक नंबर के आधार पर धारा 379 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### नाबालिग लड़की हुई गर्भवती, तबियत खराब होने पर अस्पताल में हुआ गर्भपात

» आरोपी के खिलाफ बलात्कार व पास्को एक्ट में मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग लड़की के साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाया। गर्भ ठहरने के बाद तबियत खराब होने अस्पताल में गर्भपात हो गया। घटना की रिपोर्ट उरला थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार उरला निवासी युवक 33 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी की नाबालिग बहन 16 वर्ष को शादी का प्रलोभन देकर राजीव पाटिल निवासी कैलाश नगर बिरगांव ने 29 अगस्त 2019 से 12 फरवरी 2020 के मध्य लगातार शारीरिक संबंध बनाते रहा व गर्भ ठहरने पर तबियत बिगड़ने के दौरान मेकाहरा अस्पताल में गर्भपात हो गया। वहीं आरोपी ने शादी से इंकार कर फरार हो गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पास्को एक्ट की धारा सहित 376 के तहत बलात्कार का मामला दर्ज कर लिया है।

### स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव 2 मार्च को सरगुजा जाएंगे

**रायपुर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव 2 मार्च को सरगुजा जाएंगे। वे 2 मार्च को दोपहर एक बजे भोपाल से विमान द्वारा अंबिकापुर के दरिमा हवाईपट्टी के लिए रवाना होंगे। वे दोपहर तीन बजे अंबिकापुर पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। श्री सिंहदेव अंबिकापुर में रात्रि विश्राम करेंगे।

## वाणिज्य पत्रिका 'मंजिल' का विमोचन



**धमतरी (आरएनएस)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरतुली की वाणिज्य परिषद इकाई की वार्षिक पत्रिका 'मंजिल' का विमोचन किया गया. वाणिज्य परिषद के प्रभारी आकाश गिरी गोस्वामी के मार्गदर्शन में उक्त पत्रिका का प्रकाशन किया गया जिसमें प्रभारी शिक्षिका नेहा मेहता संजय कुमार सिन्हा एवं कुंदन सिंह ठाकुर का महत्वपूर्ण योगदान रहा . वाणिज्य पत्रिका 'मंजिल' का विमोचन डॉक्टर भूपेंद्र सोनी ,यशोदा सिन्हा, शोभना बनपेला ,डॉक्टर बी. एल. चंद्राकर ,सतीश तुर्रे, प्रतिमा यदु, संध्या ध्रुव, अमित कुमार महोबे, मंजू साहू, डायमंड गुरुपंचायन, भोमेंद्र साहू के आतिथ्य में संपन्न हुआ. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर भूपेंद्र सोनी कहा कि पत्रिका विद्यालय का आईना होता . पत्रिका में वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों एवं विद्यालय के शिक्षक -शिक्षिकाओं की साहित्यिक ,सांस्कृतिक बौद्धिक एवं रचनात्मक गतिविधियों को बहुत ही सटीक ढंग से व्यक्त किया गया है , जो तारीफके काबिल है .इस पत्रिका के प्रथम प्रकाशन हेतु परिषद परिवार को हार्दिक बधाई दी।

## शराब के नशे में धुत्त सौतेले पिता ने 4 वर्षीय पुत्र की करदी बेदम पिटाई, हुई मौत



**भिलाई (आरएनएस)।** नेवई भाठा में शराब के नशे में सौतेले पिता ने अपने चार साल के मासूम बेटे सलमान की पीट-पीटकर हत्या कर दी। जब पुलिस आरोपी को पकड़ने पहुंची तो पिता मौके से फरार हो गया। नेवई थाना पुलिस ने बताया कि घटना शनिवार-रविवार देर रात की है।

नगर पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार यादव ने बताया कि मां सलमा बेगम की शिकायत पर आरोपी पिता शर्मा कालोनी छावनी थाना क्षेत्र निवासी विजय बर्राल के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की तलाश में पुलिस जुट गई है। मासूम के शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा। शराब के नशे में नशेड़ी पति का पत्नी से देर रात विवाद हो गया। नशे में धुत्त पति इसी बीच मासूम बेटे को पीटने लगा।

जब पत्नी ने विरोध किया तो पति ने उसकी भी जमकर पिटाई कर दी। पिता की मार से बेटा बेहोश हो गया। तब किसी तरह पत्नी उसे उतई सरकारी अस्पताल लेकर पहुंची। जहां डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी पिता के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

## राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का हेलीपेड में आत्मीय स्वागत




» राष्ट्रपति कोविंद दो दिवसीय प्रवास पर पहुंचे बिलासपुर

**रायपुर।** राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद भारतीय वायुसेना की तीन हेलीकाप्टर के काफिले के साथ आज 01 मार्च को दो दिवसीय प्रवास पर जिला मुख्यालय बिलासपुर के पंडित सुन्दर लाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय स्थित हेलीपेड पहुंचे। राष्ट्रपति श्री कोविंद के साथ छत्तीसगढ़ के राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उईके भी पहुंची। राज्य शासन की ओर से प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री श्री उमेश पटेल ने हेलीपेड में राष्ट्रपति श्री कोविंद की अगुवानी की और उनका हार्दिक स्वागत किया। इस मौके पर राज्यपाल के सचिव श्री सोनमणी बोरा भी मौजूद थे।

इस अवसर पर महापौर श्री रामशरण यादव, कमिश्नर श्री बी.एल.बंजारे, पुलिस महानिरीक्षक श्री दीपांशु काबरा, कलेक्टर डॉ. संजय अलंग, पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत अग्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रितेश अग्रवाल ने भी स्वागत किया। तत्पश्चात राष्ट्रपति श्री कोविंद छत्तीसगढ़ भवन के लिये रवाना हुए। राष्ट्रपति श्री कोविंद 2 मार्च को पूर्वान्ह 10 बजे गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय कोनी में आयोजित दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। कार्यक्रम पश्चात वे स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर के लिये रवाना होंगे।

## सेंट्रल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह रिहर्सल से लौट रही छात्रा गायब



**बिलासपुर (आरएनएस)।** गुरुघासीदास केंद्रीय विवि के प्रावीण्य सूची में स्थान पाकर गोल्ड मैडल पाने वाली एक छात्रा रविवार को विवि में आयोजित दीक्षांत समारोह के रिहर्सल से लौटते वक्त गायब हो गई है, परिजनों ने सिविल लाइन थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है, और अपहरण की आशंका जताई है। बताया जा रहा है, कि छात्रा का लास्ट लोकेशन व्यापार विहार है। बहरहाल पुलिस उसके परिचितों से पूछताछ कर उसकी तलाश में जुटी है।

गुरुघासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के 8 वें दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए देश के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद आज शहर में हैं, और कल गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले छात्रों को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। इसी पूरे कार्यक्रम के लिए रविवार को गुरु घासीदास विश्वविद्यालय परिसर में पूरे कार्यक्रम का रिहर्सल किया गया, जिसमें लॉ की भूतपूर्व छात्रा रामेश्वरी राव मराठा ने हिस्सा लिया था। कार्यक्रम रिहर्सल के बाद शाम 4 बजे रामेश्वरी ने परिजनों को अपने घर वापस लौटने की सूचना देते हुए बताया, कि वह अभी नेहरू चौक में ही और जल्द ही घर पहुंच जाएगी, लेकिन जब वह शाम 5:30 बजे तक घर नहीं पहुंची, तो परिजनों ने चिंतित होकर उसे दोबारा फोन लगाया, लेकिन बात होने के पूर्व ही फोन को काट दिया गया। परिजनों ने आशंका जताई है, कि हो सकता है, किसी दूसरे व्यक्ति के द्वारा उस फोन को डिस्कनेक्ट किया हो, और अपहरण की चिंता जताते हुए छात्रा के परिजनों ने सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने प्रारंभिक सूचना के आधार पर अपनी जांच शुरू कर दी है, और गुमशुदा छात्रा को जल्द से जल्द ढूंढने का प्रयास जारी है। वहीं दूसरी ओर छात्रा के भाई ने ट्वीट कर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री सहित तमाम आला अधिकारियों से अपनी बहन को जल्द से जल्द ढूंढ कर लाने की गुजारिश की है। बताया जा रहा है, कि लापता छात्रा ने अपने परिजनों से बात की, फिर अपनी एक सहेली से कहा, कि वह बहुत डिप्रेशन में है, और अपने घर न जाकर कहीं और जाएगी। छात्रा का लास्ट लोकेशन व्यापार विहार में मिला है, पुलिस उसकी सहेली से पूछताछ कर उसकी तलाश कर रही है।

## प्राकृतिक आपदाओं से बचाव हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन



**बलरामपुर।** प्राकृतिक एवं विभिन्न मानवीय आपदाओं के दौरान त्वरित बचाव कार्य एवं राहत पहुंचाने संबंधी पूर्वाभ्यास का आयोजन वन वाटिका रामानुजगंज में किया गया। जिला प्रशासन एवं नगर सेना बलरामपुर-रामानुजगंज द्वारा वन वाटिका रामानुजगंज में प्राकृतिक एवं मानवीय आपदाओं से बचाव का अधिकारियों एवं आम नागरिकों के समक्ष प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया गया। इस दौरान मोटर बोट के माध्यम से जान-माल का बचाव कैसे किया जाता है, इसका प्रदर्शन किया गया। साथ ही पानी में डूबते हुए व्यक्ति को बचाने, बस, ट्रेन, बिल्डिंग दुर्घटना, बाजार में अफरा तफरी मचने एवं सिलेण्डर में आग लगने पर प्रभावित व्यक्तियों को प्रशिक्षित जवानों के द्वारा सीमित संसाधन एवं तकनीक की सहायता से प्राथमिक उपचार देने के तरीकों के बारें में जानकारी दी गई।

## 4 लाख आवासहीनों को बसाने के लिए 15 हजार करोड़ रूपये स्वीकृत : डॉ. शिव कुमार डहरिया

**» आमानाका से आरंग तक ओवरब्रिज का निर्माण शीघ्र किया जाएगा**



**रायपुर (आरएनएस)।** कांग्रेस शासन ने सत्ता में आते ही लोगों के लिए जनकल्याणकारी योजना के माध्यम से अनेक कार्यों को स्वीकृत कर शुरू किया है। किसानों से धान 2500 रूपये क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। नगरीय प्रशासन विभाग के जरिये स्थानीय समस्याओं के निराकरण के लिए त्वरित कार्य किए जा रहे हैं। आवासहीन हितग्राहियों के लिए 4 लाख मकान का निर्माण करने के लिए 15 हजार करोड़ रूपये स्वीकृत किए गए है। आवास के लिए पट्टा व्यवस्थापन के जरिये जिनके पास घर नहीं है।

उन्हें पक्के मकान देने के लिए दो लाख 28 हजार मकान निर्मित करने का कार्य जारी है। उक्ताशय की जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन एवं श्रम मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया ने दी। डॉ. डहरिया ने बताया कि कि जिन मकानों का कर पटाया जा चुका है। उन्हें फ्री-होल्ड रजिस्ट्री के दस्तावेज वितरित किये जा रहे हैं। अविभाजित मध्यप्रदेश के समय तत्कालीन मुख्य मंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा आबंटित पट्टों का नवीनीकरण किया जा रहा है।

मोर जमीन मोर मकान योजना के तहत कच्चे मकानों में रहने वाले हितग्राहियों को पक्के मकान बनाकर देने में सरकार द्वारा 4 लाख रूपये अनुदान दिया जा रहा है एवं 75 हजार रूपये हितग्राही से बैंकों के जरिये लोन दिलवाकर ली जा रही है। डॉ. डहरिया ने पत्रकारवार्ता में बताया कि मोर मकान मोर चिन्हारी योजना के तहत दो कक्षों का मकान निर्मित कर प्रथम प्राथमिकता में आवासहीनों को आवास उपलब्ध कराने की अभिनव योजना का क्रियान्वयन नगरीय प्रशासन विभाग के जरिये सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जा रहा है। पेयजल समस्या के निपटारे के लिए अमृत जल मिशन योजना के तहत जिन मकानों में पानी नहीं आ रहा है वहां आसपास के क्षेत्रों में बोर खनन एवं टैंकर के जरिये पानी की आपूर्ति की जा रही है। रामनगर पानी टंकी का निर्माण पूर्ण हो चुका। ग्रीष्म ऋतु में उक्त क्षेत्र में रहने वालों को पेयजल समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## हड्डी गोदाम में मजदूर का हाथ बेल्ट में फंसा

» इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती

» गोदाम ठेकेदार के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक काम कराने के जुर्म में मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** हड्डी गोदाम में काम करने के दौरान मजदूर का हाथ मशीन के बेल्ट में आ जाने से बुरी तरह से घायल हो गया। घटना की रिपोर्ट पर धरसींवा थाने में हडड्डी गोदाम के ठेकेदार के खिलाफ मजदूर से काम कराने के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की ध्यान नहीं रखने के जुर्म में अपराध कायम कर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मुंडा देवभोग गरियाबंद निवासी पुनीत राम नेताम 23 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि परमानंद सोनवानी 21 वर्ष पिता प्रीतम सोनवानी मजदूर हैं। 28 फरवरी को गोदाम में काम करने के दौरान मशीन के बेल्ट में हाथ फंस जाने के चलते बुरी तरह से घायल हो गया। ईलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU